## सार-समाचार

### विभिन्न मांगों पर चर्चा

**भरतपुर** (निस)। ऑल राजस्थान चम्भ्क कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही जयपुर में महापड़ाव डाला जाएगा, जिसमें ठेकेदार शांति पूर्ण तरीके से अपनी मांगें मनवाने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे।हालांकि इससे पहले वह मंत्री को ज्ञापन देकर अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। ऑल राजस्थान चम्भ्क कॉन्ट्रेक्टर प्रदेश अध्यक्ष अमर चंद विश्नोई ने बताया कि उनकी कही मांगे है जिन्हें लेकर कही बार चम्भ्क मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है लेकिन उनकी मांग नहीं मानी गई है.सिर्फ अब तक आश्वासन मिला है.भरतपुर में चम्भ्क कॉन्ट्रेक्टरो की एक बैठक की गई जिसमें निर्णय लिया गया है जल्द जयपुर में सभी ठेकेदार महापड़ाव डालेंगे वहां शांति पूर्ण तरीके से अपनी मांग मनवाने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे । उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में जिन कामों को किया गया उनका भुगतान नहीं हुआ है, जीएसटी दर 12ः से 18ः कर दी गई है । पीएमसी सील कोट और अन्य सिविल कार्यों की दोष निवारण अवधि एक वर्ष की जाए। इसके अलावा डीबीएम, बीसी व सीसी तथा भवन कार्यों की अवधि अधिकतम तीन वर्ष तय करने, टाइम एक्सटेंशन के मामलों का अधिकार उच्च अधिकारी को देने, पंजीयन नियमों में बदलाव करने, स्थायी पंजीकृत ठेकेदारों से बढ़ी हुई राशि नहीं लेने व पुनर्विलोकन की बाध्यता हटाने सहित अन्य मांगें रखी।इसके अलावा हैंडओवर और टेकओवर की पूरी प्रक्रिया विभाग खुद करें। ठेकेदारों को बाध्य न किया जाए।

### धर्मेन्द्र का नीट में चयन

**निवाई।** गांव हथोना निवासी धर्मेन्द्र सैनी पुत्र गौरीलाल सैनी का नीट परीक्षा 2025 में चयन हुआ है। छात्र धर्मेन्द्र सैनी ने बताया कि उन्होंने लगातार दूसरे प्रयास में 563 अंकों से 7274 रैंक प्राप्त करके नीट में सफलता हासिल की है। धर्मेन्द्र सैनी ने बताया कि उनके माता-पिता का सपना था कि उनका पुत्र डॉक्टर बनकर समाज सेवा का कार्य करें, जो सपना 2025 में साकार हो गया। उनके पिता गौरीलाल सैनी जयपुर में 20 वर्षों से मेहनत मजदूरी का कार्य करते हैं एवं गांव आधोलाई में खेती का कार्य करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके पुत्र धर्मेन्द्र सैनी का चयन होने से पूरे परिवार सहित समस्त रिश्तेदारों व गावं में खुशी का माहौल है।

### अवैध बजरी से भरा ट्रक जब्त

**टोंक।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है, जो अवैध बजरी से भरा हुआ था। बरोनी थाना अधिकारी बृजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया सोमवार को थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से 50 टन बजरी भरी हुई पाई गई, जिसे तुरंत जब्त कर एमएमआरडी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई ।

### बीएमडी जांच शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** शहर के एम. एस. हॉस्पिटल में मंगलवार 17 जून को निःशुल्क यूरिक एसिड और बोन मैरो डेंसिटी (बीएमडी)जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि शिविर में मरीजों का यूरिक एसिड और बोन मैरो डेंसिटी जांच किया जाकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। यह शिविर प्रतिमाह आयोजित किया जाता है।

### मशरुका मोटरसाइकिल बरामद

**पावटा।** जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड़ राजन दुष्यंत के निर्देशानुसार अपराधियों की धरपकड़ एवं बदमाशान के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में टीम का गठन ठााम नवरंगपुरा से अभियुक्त अनिल पुत्र कल्याण उम्र 25 साल निवासी नवरंगपुरा थाना विराटनगर की गहनता से तलाश कर नवरंगपुरा से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद प्रकरण में चोरी हुई माल मशरुका मोटरसाइकिल बरामद कर अनुसंधान कर गिरफ्तार किया गया। विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि 9 दिसंबर 2024 को परिवादी ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 5 दिसंबर 2024 को शादी समारोह के दौरान भामोद मोड़ नवरंगपुरा से कोई अज्ञात चोरी कर ले गया है। जिस पर बी एन एस में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

### अवैध बजरी से भरा ट्रक जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड ने बताया कि पुलिस थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान अवैध-बजरी से भरे हुए एक ट्रक को जब्त किया। ट्रक में करीब 50 टन बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने चालक व मालिक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर लिया है। ट्रक को मय बजरी के थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है।

### करंट से 11 वर्षीय बालक अचेत

**पावटा।** प्रागपुरा के सुभाष चौक पर रविवार की देर शाम करीब 09 बजे एक 11 साल का बच्चा हाई मास्क विद्युत पोल में करंट की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा कार्मिकों को कई बार इस पोल में दौड़ते करंट की शिकायत की जा चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। हादसे में 11 साल का बच्चा सिद्दीकी पुत्र इकबाल हाल निवासी प्रागपुरा अचेत हो गया और उसे तुरंत उपजिला अस्पताल पावटा ले जाया गया। जहां डॉ. सौरभ ने बताया कि बच्चे का प्राथमिक उपचार कर 10 मिनिट बेहोश रहने के कारण जिला अस्पताल कोटपुतली रेफर किया है। इस घटना ने नगरपालिका और विद्युत विभाग की लापरवाही को उजागर किया है। लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस घटना से नगरपालिका और विद्युत विभाग की जिम्मेदारी, जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाना और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कुछ किया जा सकता है जैसे कई सवाल खड़े होते है।

# जिला प्रभारी मंत्री ने अलवर व खैरथल में अधिकारियों की बैठक ली



प्रभारी मंत्री ने अलवर व खैरथल में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की।

- कोटकासिम के कतोपुर में अभियान के तहत जोहड पर की सफाई व मिट्टी खुदाई, दुर्लभ नाथ मंदिर में किया पौधारोपण
- अलवर के रोजाकाबास चांदोली में किए कार्यों का अवलोकन

**अलवर/ खैरथल।** जिले के प्रभारी एवं कृषि एवं उद्यानिकी, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करे और फील्ड में जाकर कार्यों का अवलोकन करें। प्रभारी मंत्री मीणा ने सोमवार को यह निर्देश अधिकारियों को अलवर कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला एवं खैरथल कलेक्टर किशोर कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक के दौरान दिए हैं।

प्रभारी मंत्री सोमवार को अलवर और खैरथल में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की क्रियान्विति को लेकर अधिकारियों की बैठक लेने पहुंचे थे। उन्होंने बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कहा कि अभियान के तहत हर गतिविधि में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें और फील्ड में जाकर के कार्यों का अवलोकन करें तभी अभियान सार्थक होगा ।

खैरथल बैठक में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने अभियान के तहत अब तक किए कार्यों से पीपीटी के माध्यम से जिला प्रभारी मंत्री को अवगत करवाया और भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। मंत्री किरोडी लाल मीणा ने अधिकारियों को भूजल संरक्षण हेतु पारंपरिक पद्धितयों के पुनरुद्धार और जल संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया और कहा कि अभियान में प्रत्येक अधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और यह जिम्मेदारी धरातल पर भी दिखनी चाहिए। मंत्री ने कहा योजनाओं के समुचित प्रचार-प्रसार और वंदे गंगा अभियान से मुख्यमंत्री का प्रदेश कल्याण का सपना साकार होगा। इसके मंत्री ने कोटकासिम स्थित दुर्लभ नाथ मंदिर, कतोपुर में वंदे गंगा अभियान के तहत जोहड़ की सफाई में श्रमदान कर "हरियालो राजस्थान" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।

उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने पारंपरिक औजारों की सहायता से जोहड़ से मिट्टी निकालकर उसकी पाल पर डाली, जिससे जल संचयन की क्षमता बढ़ सके । कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने उपस्थित आमजन को जल संरक्षण की शपथ दिलाई तथा जल व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, और इसका संरक्षण आज की सबसे बडी आवश्यकता है।

यदि आज हम जल स्त्रोतों की रक्षा नहीं करेंगे, तो भविष्य की पीढियों के लिए संकट खडा हो जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, जिला कलेक्टर किशोर कुमार पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, भिवाडी पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सालुखे गौरव रविंद्र, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, डीएफओ राजेंद्र हुड्डा सहित अधिकारीगण एवं कार्यक्रम स्थल पर पर बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## ओवरलोड वाहनों से हादसे की आशंका

**सिरस।** बरोनी से सिरस सड़क मार्ग पर से रोजाना असॅवर लोड बजरी से भरे हुए ट्रेक्टर ट्रोलियों की आवाजाही से दुर्घटना की अशंका बनी हुई है। ठाामीणों ने बताया कि बरौनी-सिरस सडक़ पर बनास नदी से अवैध बजरी भर कर आने वाले ट्रेक्टर ट्रोलियो से आम जन परेशान है। पराना से सिरस तक ट्रैक्टरों के आवागमन से श्योसिंहपुरा, वजीराबाद, खलीलाबाद, सिरस व बस्सी सहित अन्य गांवो के लोगो को समस्या बनी हुई है। लोगो ने बताया कि अवरलोड बजरी से भरी ट्रोलियों के साथ ट्रेक्टर के संचालन से सडक़ मार्ग जगह जगह से टूट गया। ट्रेक्टर के तेज गति से संचलन से गांवो मे दुर्घटना की सम्भावनाऐं बनी हुई है। बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रोलियो के संचालन मे रोक लगाने के लिए प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी ध्यान नही देने से लोगो मे भारी रोष व्याप्त है। ठाामीणों ने पुलिस प्रशासन से बजरी से भरे अवैध ट्रेक्टरों पर रोक लगाने की मांग की है।

# जल संरक्षण अभियान परंपरा व भविष्य दोनों को सहेजने का प्रयास : राजेंद्र गुर्जर

**टोंक।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम सोमवार को अलीगढ़ में आयोजित हुआ। पंचायत समिति सभागार में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल संरक्षण अभियान परंपरा और भविष्य दोनों को सहेजने का प्रयास है। विधायक ने कहा कि हमारे प्राचीन जल स्त्रोत केवल जल का भंडारण भर नहीं है, बल्कि ये हमारी विरासत और सामुदायिक जीवन के केंद्र रहे है। बावड़ियां, कुएं, तालाब यह सभी हमारी धरोहर है। उन्होंने कहा कि सभी लोग पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल करें। उन्होंने अधिकारियों को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में उपखंड उनियारा की 22 ग्राम पंचायतों में लगने वाले शिविरों में अधिकाधिक जनजातीय वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग से हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके साथ ही, भविष्य भी संकट में है।

यह सैकड़ों वर्षो तक नष्ट नहीं होता और जमीन, जलवायु सभी को प्रदूषित करता है। सभी लोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें तथा कचरें को यहां-वहां नहीं डाले। कार्यक्रम में प्रधान फूल बाई मीना और पूर्व पालिकाध्यक्ष शंकर लाल ठाडा ने भी जल संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। कस्बे की महिलाओं ने अंबेडकर सर्किल से कलश यात्रा एवं जल संरक्षण जन जागरूकता रैली निकाली। विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, प्रधान फूलबाई मीना, सीईओ परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार, जल ग्रहण एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश देवनानी ने विधिवत रूप से पीपल के वृक्ष का पूजन कर जिले में अच्छी वर्षा की कामना की। इसके पश्चात पीपल का पौधारोपण कर श्रमदान किया। अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जिले में शिविर आयोजन के ग्राम पंचायत एवं तिथि वार कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। इसके बाद विधायक राजेंद्र गुर्जर ने जनसुनवाई कर क्षेत्र के लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी शत्रुघन गुर्जर, तहसीलदार विकास अधिकारी प्रवीण कुमार सैनी, विकास अधिकारी शंकर लाल मेघवाल समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य सरकार में कानून व्यवस्था व विकास कार्य चौपट : राठौड़

- आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन व कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र सिंह राठौड कोटपूतली पहुॅचे
- पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ग्राम काठुवास में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के पिता स्व. लेखराम ठेकेदार की 16 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आये पूर्व नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ का कोटपूतली पहुॅचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में कस्बे के कृष्णा टॉकिज रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राठौड का माला व साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रेस से बातचीत करते हुये राठौड़ ने राज्य सरकार को पर्ची सरकार करार देते हुये कहा कि 40 विधायकों व 02 डिप्टी सीएम ने मुख्यमंत्री को आरएएस परीक्षा आगे बढ़ाने के लिये पत्र लिखा है, लेकिन जब उनकी ही नहीं सुनी जा रही है तो स्पष्ट होता है कि सरकार में आपसी तालमेल कैसा है। सरकार के मंत्रियों व विधायकों में असंतोश इस कदर व्याप्त है कि प्रदेश को विपक्ष की आवश्यकता ही नहीं है। मंत्री कब पद पर है एवं कब पद पर नहीं कुछ कहां नहीं जा सकता। किरोडी लाल मीणा का उदाहरण सभी के सामने है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि भजन लाल सरकार में कानून व्यवस्था का बंटाधार है। विकास कार्य चौपट हो चुके है। आये दिन अपराध, बलात्कार जैसे घृणित अपराधों की सूचनायें आती रहती है, जिससे स्पष्ट होता है कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं रह गया है।

## सार-समाचार

### टैक्स चोरी के मामले में बस जब्त




**भरतपुर** (निस)। भरतपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी प्लेट और टैक्स चोरी के मामले में एक राजस्थान लोक परिवहन बस को जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई यातायात पुलिस द्वारा हीरा दास चौराहे पर की गई, जहां एक दौसा नंबर की बस को रोका गया और उसके चालक और मालिक से कागज मांगे गए। जांच में पता चला कि बस के मालिक और चालक ने करीब 36 हजार रुपये का टैक्स चोरी किया था और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बस चला रहे थे। इसके अलावा, बस का परमिट भी नहीं था। अटलबंद थाने पर तैनात एएसआई हरवीर सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस के द्वारा हीरा दास चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी.तभी एक दौसा नंबर की बस आकर रुकी. जब उसके चालक और मालिक से कागज मांगे तो उनके पास कागज नहीं थे.जब जांच की तो पता चला यह लोग एक साल करीब 36 हजार रुपए का टैक्स चोरी करने के साथ साथ फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बस चला रहे है.इनके पास बस का परमिट भी नहीं था. यातायात पुलिस ने राजस्थान लोक परिवहन की बस और दोनों आरोपियों को अटलबंद थाने के सुपुर्द कर दिया.अटलबंद थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बस को जप्त किया है. बस के चालक की पहचान कुरवारिया निवासी इंदल सिंह और मालिक मोहित भरतपुर निवासी के रूप में हुई है ।

### संकल्प से सिद्धि तक अभियान शुरु

**निवाई।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में भारतीय जनता पार्टी का संकल्प से सिद्धि तक अभियान का आयोजन किया जा रहा है। शहर मंडल के तत्वावधान में एक निजी धर्मशाला में अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व कार्यक्रम प्रभारी नीलिमा आमेरा द्वारा दी प्रज्जवलित करके किया गया। विधायक वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारत में न सिर्फ नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। बल्कि गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के जीवन में सार्थक परिवर्तन लाकर उन्हें सशक्त करने का कार्य भी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार नई कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा आम जन के लिए जनकल्याणकारी नीतियों और ऐतिहासिक उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचने का कार्य प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को करना चाहिए। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम प्रभारी नीलिमा आमेरा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया । इस अवसर पर महामंत्री प्रदीप पारीक, वरिष्ठ नेता रामप्रसाद शर्मा, जयनारायण कुमावत, मूरलीधर मीणा, किशन चौधरी, लक्ष्मण खटाना, जितेंद्र विजय, रामविलास बलाई, शंकरलाल पडियार व रामचरण पारीक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बैठक आयोजित

**शाहपुरा।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउण्डेशन भारत सरकार नई दिल्ली के तत्वावधान में मंगलवार को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पुलिस चोकी के पीछे, संजय स्मृति वन के सामने अलवर तिराया पर बेजुबान प्राणियों के साथ प्रशासन द्वारा की कार्रवाई के विरोध में विरूद्ध एक दिवसीय सांकेतिक बैठक आयोजित होगी। फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्य वाहक प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान संतोष कुमार सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अलवर तिराया संजय स्मृति वन में पूर्व से रह रहे बन्दरो का पुनर्वास किये बिना प्रशासन द्वारा अमान्यवियता प्रदर्शित करते हुए बन्दरा का भोजन, पानी बन्द कर, अन्य जगह पर जाने को मजबूर किया। इसके के विरोध में फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुप्ता के निर्देशानुसार मंगलवार को संजय वन अलवर तिराया पर प्रातः 9:15 बजे एक दिवसीय सांकेतिक मिटिंग आयोजित होगी जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने विचार व्यक्त कर, उक्त प्रकरण के क्रम में अठिम कार्य योजना तैयार करेंगे।

### विमान दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि

**मनोहरपुर ।** कस्बे के गांधी चौक बाजार में नगर कांठोस कमेटी ने सोमवार को अहमदाबाद विमान व केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना, पुणे में पुल, टोंक बनास नदी में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।इस दौरान मोमबत्ती जलाकर मौन रहकर दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष श्री नाथू लाल सैनी, नगर अध्यक्ष श्री अलाउद्दीन खान, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, ब्लॉक प्रवक्ता राकेश हलकारा, महेश जड़वाल, ओम प्रकाश बागडी, किशन भारती, खेमचंद असवल, बनवारी यादव, पंकज मिश्रा, शाहिद खान, अफसर खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अंधड से नुकसान

**निवाई।** गांव बहकवा में तेज अंधड व आंधी से ग्रामीण क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। बहकवा मोड पर स्थित श्री बालाजी मीटर कास्ट के प्रबंधक महेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया कि श्री बालाजी मीटर कास्ट कंपनी के ऊपर सोलर प्लांट के सोलर की कई प्लेटें लगी हुई थी। लेकिन तेज अंधड व आंधी से करीब 15-20 प्लेट उड़ कर नीचे गिर गई। जिससे बहुत नुकसान हुआ है। महेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया तेज अंधड व आंधी से कई स्थानों पर पेड़ एवं विद्युत पोल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि तेज अंधड व आंधी से कोई जनहानि नहीं हुई है।

### धर्मवीर चौधरी सम्मानित

**निवाई ।** एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक विजेता हवलदार धर्मवीर चौधरी का टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सम्मानित करके उज्जवल भविश्य की कामना कर। उल्लेखनीय है कि हवलदार धर्मवीर चौधरी ने हाल ही में एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 रजत पदक जीतकर नाम रोशन किया है। जिसको लेकर चौधरी का शहर सहित कई गांवों में स्वागत किया ।

### समर कैम्प का समापन

**टोंक।** सीडीसी डांस एंड जुम्बा स्टूडियो टोंक, प्रेरणा ग्रुप ऑफ टोंक तथा भारत विकास परिषद टोंक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ग्रैंड समर कैम्प का समापन समारोहपूर्वक किया गया। कैम्प के निदेशक कोच चीनू पारीक ने बताया की पिछले एक महीने से बच्चों के लिए विभिन्न वर्कशॉप्स का आयोजन कैम्प के माध्यम से किया गया था। पारीक ने बताया की पिछले तीन साल से इस तरह का आयोजन करवा रहे हे, खुशी की बात यह हे की बच्चों और अभिभावको में इसके लिए इस बार अच्छा रुझान देखा गया । प्रेरणा ग्रुप ऑफ टोंक की संस्थापक एवं कैम्प की संयोजक रेखा जाजू ने बताया की इस बार कैम्प में एक सो से अधिक बच्चों ने इसका लाभ उठाया है, अभिभावक भी खुश है क्योंकि बच्चों का मोबाइल से कुछ समय के लिए ध्यान हटकर कुछ अलग क्रियात्मक गतिविधियों पर गया है और बच्चों ने इसका भरपूर आनंद उठाया हे। कैम्प के अंतिम दिन सीडीसी डांस एंड जुम्बा स्टूडियो टोंक की और से सभी बच्चों के साथ केक कटिंग करने के पश्चात सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

### 542 ग्राम अफीम बरामद

**टोंक ।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में वृत्ताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत व डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध मादक पदार्थ अफीम व गांजा के खिलाफ कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर डिग्गी कस्बा जाटों के मोहल्ले में स्थित आरोपी आरोपी गुलाब पुत्र रामचन्द्र जाति टांक उम्र 71 साल के मकान पर जाकर तलाशी ली तो मकान में 542 ग्राम अफीम व 16.876 किलोग्राम गांजा मिला, जिसे जब्त कर आरोपी गुलाब टांक को मौके पर गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

## भगवानसिंह रोल साहब को श्रद्धांजलि

**निवाई।** ग्राम पंचायत पलेई में श्री क्षित्रय युवक संघ संरक्षक भगवानसिंह रोल साहब का सर्व समाज के तत्वावधान में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोल साहब को जुझारजी महाराज के मंदिर में सर्व समाज के महिला-पुरुषों व बच्चों की शाखा के स्वयंसेवकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला प्रांत प्रमुख गोविंदसिंह ने भगवानसिंहजी के जीवन एवं उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर विचार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भगवान सिंह रोल क्षत्रिय युवक संघ के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर करके समाज को नई दिशा दी है। जिनको समाज कभी नहीं भूला सकता है। उनकी प्रेरणा सर्व समाज को साथ लेकर काम करने एवं सबके साथ समानता का व्यवहार करना रहा है। उन्होंने समाज को जाठाती की शिक्षा दी है। इस अवसर पर जयसिंह चौहान, गोपाल सिंह, हितेश सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, आर्यवीर सिंह, श्रीदेवी कंवर, मुस्कान चौहान, वंदना कंवर व दीपशिखा न्यासा सहित कई महिला-पुरूषों ने श्रद्धांजलि देकर याद किया।

# जल संरक्षण जन अभियान एवं फ्लैगशिप योजनाओं पर विचार विमर्श




जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

**कोटपूतली ।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में किया गया। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, बजट घोषणाओं, विकास कार्यों, वन्द गंगा जल स्वावलम्बन अभियान, एनएफएसए में नाम जोडने की प्रगति, योग दिवस, चुनाव सम्बन्धी कार्य, लम्बित यूडीआईडी कार्ड जारी करने, पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े और एमओयू कंप्लायंस के बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कर सभी कार्यों को विहित समय में किया जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पोर्टल पर डाटा को नियमानुसार अद्यतन करें। सम्पर्क पोर्टल के सभी प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की बिंदुवार चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारी को फ्लेगशिप योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस करते हुए योजनाओं से सभी पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन तक योजनाओं के पर्याप्त प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाए और जनप्रतिनिधियों की भी अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिले की रैंकिंग बेहतर बनाने के लिए भी प्रयास किए जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि एनएफएसए में नाम जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से लिया जाए और कोई भी पात्र वंचित न रहे। उन्होंने योग दिवस चर्चा करते हुए कहा कि अधिकाधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित किया जाए और योग संगम पोर्टल पर अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव, एसई वाटरशेड हरिमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीसी कक्ष में और उपखंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे। जिला कलक्टर कल्पना अठावाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में किया गया। सम्पर्क पोर्टल के सभी प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की बिंदुवार चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारी को फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस करते हुए योजनाओं से सभी पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस चर्चा करते हुए कहा कि अधिकाधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित किया जाए और योग संगम पोर्टल पर अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव, एसई वाटरशेड हरिमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।